माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1128 / 02 / प्रशा0 / MSU / 2024–25 दिनांक : 10-10-24

कार्यालय–ज्ञाप

प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–2, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–1968 / सत्तर–2–2024–16(11) / 2017 टी0सी0, दिनांक : 09 अक्टूबर, 2024 द्वारा शैक्षिक सत्र 2025–26 हेतु उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बी0एड0 पाठ्यक्रम के अतिरिक्त नये महाविद्यालयों / संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों / संस्थानों में स्नातक / स्नातकोत्तर स्तर के अतिरिक्त विषयों / पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करने के लिए निम्नवत् समय–सारिणी निर्धारित की गई है–

क्र0सं0	कार्यवाही	समय–सीमा
1	विश्वविद्यालय में नये पाठ्यक्रमों हेतु अनापत्ति प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करने की अन्तिम तिथि।	दिनांक : 10 अक्टूबर, 2024 से 15 दिसम्बर, 2024 तक।
2	विश्वविद्यालय में ऑनलाइन जमा किये गये प्रस्तावों के भूमि संबंधी अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन कराया जाना	दिनांक : 16 दिसम्बर, 2024 से 20 जनवरी, 2025 01. अनापत्ति प्रस्ताव प्राप्त होने के तिथि से 07 दिन के अन्दर सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी को सत्यापन हेतु प्रेषित कर दिया जायेगा। 02. तदोपरान्त जिलाधिकारी प्रस्ताव प्राप्त होने के अधिकतम् एक माह के अन्दर सत्यापन रिपोर्ट सम्बन्धित विश्वविद्यालय को ऑनलाइन प्रेषित कर देगा।
3	अनापत्ति आदेश ऑनलाइन निर्गत किया जाना	दिनांक : 31 जनवरी, 2025 तक।
4	ऑनलाइन अनापत्ति के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा लिये गये निर्णय के विरूद्ध शासन में अपील करने की अंतिम तिथि	दिनांक : 10 फरवरी, 2025 तक।
5	शासन में अपील निस्तारित करने की अंतिम तिथि	दिनांक : 20 फरवरी, 2025 तक।
6	निरीक्षण मण्डल का गठन	दिनाक : 05 मार्च, 2025 तक। 01. अनापत्ति आदेश ऑनलाइन निर्गत होने के पश्चात संस्था द्वारा दिनांक : 28 फरवरी 2025 तक निरीक्षण मण्डल का गठन के सम्बन्ध में आवेदन किया जायेगा। 02. तदोपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा 05 मार्च, 2025 तक निरीक्षण मण्डल का गठन कर लिया जायेगा।
7	निरीक्षण मण्डल द्वारा निरीक्षण आख्या का प्रस्तुत किया जाना।	दिनांक : 05 अप्रैल, 2025 तक।
8	विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता ऑनलाइन प्रदान करने की अन्तिम तिथि	दिनांक : 20 अप्रैल, 2025 तक।

9	विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता के संबंध में लिये गये निर्णय के विरूद्ध शासन में अपील करने की अंतिम तिथि	दिनांक : 10 मई, 2025 तक।
10	शासन स्तर पर अपील निस्तारित करने की अन्तिम तिथि	दिनांक : 31 मई, 2025 तक।

अतः समस्त सम्बन्धित उपर्युक्त निर्धारित समय सारिणी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025–26 से अनापत्ति/सम्बद्धता हेतु ऑनलाइन आवेदन https://henoc.upsdc.gov.in पर करना सुनिश्चित करें। अन्य किसी प्रकार से प्रेषित अनापत्ति/सम्बद्धता प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जायेगा।

भवदीय,

/

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

01. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
02. वित्त अधिकारी।
03. समस्त सम्पादक दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त कार्यालय ज्ञाप को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए सर्वसाधारण के संज्ञानार्थ निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
04. प्रभारी वेबसाइट।
05. कुलपति कार्यालय को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।

10-10-24

उपकुलसचिव